लम्बा लाल मफ़लर



नेट्टे हिल्टन

चित्र: मार्गरेट पावर

हिंदी: छाया भदौरिया

लम्बा लाल मफ़लर



मेरे दादा जी को मछली पकड़ने का बहुत शौक है।


वे सुबह और शाम को मछली पकड़ते हैं।


वे अपनी एक पुरानी फुंदने वाली ऊनी टोपी पहनते हैं, उनका एक बड़ा नीला स्वेटर और एक नारंगी चेक वाली शर्ट है।





दादा जी के दोस्त जैक को भी मछली पकड़ना पसंद है। वे नदी और समुद्र में मछली पकड़ते हैं। वे एक पुरानी-सी किनारे वाली टोपी, एक बड़ी हरी जैकेट, पीली चेक की शर्ट और एक बड़ा, लंबा, ऊनी, चमकीला, नीला मफ़लर पहनते हैं।





एक बार नदी के किनारे देर रात को, बहुत ही ठंडी हवा चल रही थी।

जैक अपने बड़े, लंबे, ऊनी, चमकीले नीले मफ़लर में कितना गर्म लग रहा था।


दादा जी ने जैक को बहुत सराहा जब उसने अपनी गर्दन के चारों ओर मफ़लर को लपेटा और फिर अपनी छाती को गर्म रखने के लिए उसके छोर को अंदर दबा दिया।

और जब वह अपनी ठुड्डी को दोनों छोर के अंदर दबाता, इसे देखकर तो दादा जी उसकी तारीफ़ किए बिना न रह सके।





मेरे दादा जी को जैक का मफ़लर इतना पसंद आया कि उन्होंने दादी मौड से एक ऐसा ही मफ़लर बुनवाने का फैसला किया जो पूरी दुनिया में और भी लंबा, बड़ा, मुलायम और एकदम लाल हो।



तो अगले ही दिन, जब दादी मौड बेसी गाय और उसके दो कॉफी रंग के बछड़ों को ट्रक में लोड कर रही थीं, दादा जी ने उनसे पूछा।



“मौडी, क्या आप मेरे लिए ऐसा मफ़लर बुनेंगी जो पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, मुलायम और एकदम लाल हो?

मौडी चुप हो गईं। "पॉप," उन्होंने कहा (वह मेरे दादाजी को "पॉप" कहती हैं), "मैं गायों को उनके नए हरे घास वाले बाड़े में ले जा सकती हूँ, और मैं पानी निकालने के लिए पंप को तैयार कर सकती हूँ, और तुम नदी से जो मछलियाँ पकड़कर लाते हो उन्हें साफ कर सकती हूँ। लेकिन मैं तुम्हारे लिए पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर नहीं बुन सकती। मैं बुनाई नहीं कर सकती। तुम चचेरी बहन इसाबेल से क्यों नहीं पूछते?



अगली सुबह, जब चचेरी बहन इसाबेल अपने पेंट और ब्रश रखने के लिए स्टैंड बना रही थी, मेरे दादाजी ने उससे पूछा। “इज़ी, क्या तुम मेरे लिए एक मफ़लर बुन सकती हो, जो पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, मुलायम और एकदम लाल हो?

चचेरी बहन इसाबेल ने सीढ़ी पर संतुलन बनाया। "पॉप", उसने कहा। (वह भी मेरे दादाजी को "पॉप" कहती हैं) "पॉप, मैं अपने नवजात शिशु के लिए इस कमरे को साफ चमकीले रंगों से रंग सकती हूँ, मैं एक पालना बना सकती हूँ, और मैं इन पर्दों को भी लटका सकती हूँ, लेकिन मैं तुम्हारे लिए पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर नहीं बुन सकती। मेरे पास समय नहीं है।

"लेकिन मेरे पास एकदम लाल रंग की कुछ ऊन है और मेरे पास कुछ सलाइयाँ भी हैं जो 'क्लिकटी-क्लिक' करती हैं। तुम पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर खुद ही बुन सकते हो!"








"हम्फ!" मेरे दादाजी ने कहा।

"हम्फ!" और वह अपनी मछली पकड़ने का जाल लेने के लिए चल पड़े।






उस रात खाड़ी में बहुत ठंड थी और मेरे दादा जी को सर्दी पर सर्दी लगे जा रही थी और वे दुखी पर दुखी होते जा रहे थे।

उन्हे गर्दन में ठंड लग रही थी, छाती में ठंड लग रही थी, यहाँ तक कि कानों में भी उनको ठंड लग रही थी ।

“मैं शर्त लगाता हूँ कि अगर मेरे पास पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर होता तो मुझे इतनी ठंड नहीं लगती," वे दुखी होकर बुदबुदाए।





तो अगले ही दिन, जब जेक अपनी पुरानी मछली पकड़ने वाली शर्ट धो रहा था, मेरे दादा जी ने उससे पूछा। "जैक, तुम्हें अपना बड़ा, लंबा, ऊनी, चमकीला नीला मफ़लर कहाँ से मिला? मैंने दादी मौड से अपने लिए पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर बुनने के लिए कहा है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सकतीं।

"मैंने अपनी चचेरी बहन इसाबेल से पूछा है कि क्या वह मेरे लिए पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर बुनेगी। लेकिन वह ऐसा नहीं करेगी। जैक, तुम्हें अपना बड़ा, लंबा ऊनी चमकीला नीला मफ़लर कहाँ से मिला?"



"स्टेन," जैक ने कहा (मेरे दादाजी का नाम स्टेन है) "स्टेन, मैंने अपना बड़ा, लंबा, ऊनी चमकीला नीला मफ़लर खुद बुना है। मैंने इसे तब बुना जब मैं बैठकर अपने रात के भोजन के पकने का इंतजार कर रहा था। मैंने इसे तब बुना जब सूरज ढल गया और दुनिया एकदम शांत थी और मैं केवल अपनी सलाइयों की 'क्लिक-टी-क्लिक' सुन सकता था।

उसी शाम बाद में, जब चचेरी बहन इसाबेल अपने नवजात बच्चे के लिए पालना बनाने में व्यस्त थी, मेरे दादाजी ने उससे पूछा। "इज्जी, अगर मैं तुम्हारे लिए एक गर्म कप कोको और कुछ चॉकलेट चिप कुकीज बनाऊँ, तो क्या तुम मुझे अपनी एकदम लाल ऊन और सलाइयाँ जो क्लिक-टी-क्लिक करती हैं" ढूँढ़कर दोगी, जिससे मैं अपने लिए पूरी दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे लंबा, एकदम लाल रंग का मुलायम मफ़लर बना सकूँ।





मेरे दादा जी को अब भी मछली पकड़ने जाना पसंद है।
उनका दोस्त जैक भी ऐसा ही करता है।

लेकिन अब, अगर आप ध्यान से सुनें, जब सूरज ढल रहा है, दुनिया एकदम शांत और रुकी हुई है, तो आप "क्लिकटी-क्लिक, क्लिकटी-क्लैक" सुन सकते हैं क्योंकि मेरे दादा जी और उनके दोस्त जैक एक साथ


बैठते हैं

और

बुनाई करते हैं...







.....सबसे मुलायम ऊन से बनी एक छोटी-सी पीली टोपी, बर्फीले में सबसे सफेद ऊन से बनी एक छोटी सी नब्बी जैकेट और पूरी दुनिया में एकदम लाल रंग का एक छोटा मुलायम मफ़लर, जब नवजात शिशु सुसान उनके साथ मछली पकड़ने आती है तो ठंड हो सकती है।



दादाजी को अपने दोस्त जैक के साथ नदी के किनारे मछली पकड़ने जाना पसंद है। जब ठंड होती है, तो जैक एक बड़े, नीले, ऊनी मफ़लर में लिपटा हुआ गर्म रहता है। दादाजी ने फैसला किया कि उन्हें भी एक मफ़लर चाहिए। पूरी दुनिया में सबसे लंबा, सबसे बड़ा, एकदम लाल रंग का मफ़लर। अब समस्या यह है कि उन्हें अपना लंबा लाल मफ़लर बुनने वाला कोई नहीं मिल रहा है। दादी मौड को बुनाई करना नहीं आता और चचेरी बहन इसाबेल बुनाई नहीं करती - उसके पास समय नहीं है। इसलिए दादा जी को अकेले छोड़ दिया गया है, और वह जो लेकर आते हैं वह किसी की भी कल्पना से कहीं अधिक है।

कलाकार मार्गरेट पावर और लेखिका नेट्टे हिल्टन एक ऐसे व्यक्ति की कहानी प्रस्तुत करने के लिए मिलकर काम करते हैं जो अपने लिए कुछ करना सीखता है, जिसके परिणाम तुरंत ही हास्यास्पद और मार्मिक होते हैं। पावर के चमकीले रंग के चित्र और हिल्टन का आकर्षक पाठ इस कहानी को अंत तक आकर्षक बनाते हैं।